संक्षिप्त

अयोध्या हनुमानगढ़ी के संतों का स्वागत

पावटा, (निसं)। उपखंड पावटा के महाराज ज्ञान दास महाराज की बगीची में महाराज श्री श्री 1008 ज्ञानदास के नेतृत्व में अयोध्या हनुमानगढी से संतों के आगमन पर पुष्पवर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया। यहां धर्म सभा में मुनि श्री ने कहा कि मनुष्य को सदैव अच्छे कार्य करने चाहिए। दीन की सेवा करनी चाहिए। कभी किसी प्राणी को नहीं सताना चाहिए। कुछ समय साधु संतों की सेवा में लगाना चाहिए। प्रभु को कदापि नही भूलना चाहिए। साधु संतों की संगति मे रहकर ही मनुष्य का कल्याण संभव है। इस मौके पर अयोध्या हनुमानगढी से पधारे संतों ने आभार व्यक्त करते हुए विश्व में फैल रही कोरोना महामारी की रोकथाम और जनकल्याण के लिए भगवान से प्रार्थना की और भक्तजनो को आशीर्वाद प्रदान किया।

भजन संगीत का आयोजन किया

निवाई, (निसं)। गांव झिलाय के पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर भजन संगीत नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें दुर्गेश कुमार व उनकी टीम ने सभी महिलाए, पुरुष, बालक-बालिकाओं को भजनों की भक्ति पर जमकर भक्ति नृत्य किया। ज्यौ ही नव वर्ष का प्रारंभ होने लगा तो नव वर्ष का मंगलमय आनंदकारी शुभकारी की भावना के साथ जिनेन्द्र भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यऋम में समाज के प्रत्येक परिवार से प्रत्येक सदस्य मंदिर में उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रतिदिन होने वाली सामूहिक आरती के बाद सामूहिक भक्तामर स्त्रोत का एक पाठ एवं प्रतिदिन करने वाले 16 महिला व बालक बालिकाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कमलेश मित्तल, रमेश जैन, जितेंद्र कंसल, प्रहलाद मित्तल, संजय मित्तल, पंकज बोहरा, प्रसन्न बोहरा सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

पीएम मोदी की मां को श्रद्धांजलि

पावटा, (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन के निधन की खबर से पूरे देश में शोक का माहौल है। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक डॉ. फूलचन्द भिंडा सहित भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने हीराबेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की माता हीराबेन के निधन से गहरा दुख पहुंचा है। हीराबेन उदारता, सादगी, परिश्रम और जीवन के उच्च मूल्यों की प्रतिमान थीं । उनका त्यागपूर्ण तपस्वी जीवन हमेशा याद रहेगा। वही पावटा प्रधान पूजा चौधरी, प्रतिनिधि जगन चौधरी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश ताखर, हरि प्रसाद बल्लीवाल ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की मां हीराबेन के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। इस मौके भाजपा पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं सहित भाजपाई मौजूद रहे।

अवैध हथियार तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

कोटपूतली, (निसं)। स्थानीय थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध हथियार तस्करी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सवाई सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की जयपुर ग्रामीण एसपी मनीष अग्रवाल ने अवैध हथियारों की खरीद फरोख्त करने वाले लोगों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये थे। जिसकी पालना में थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर नौजवान युवाओं को अवैध हथियार उपलब्ध करवाने के आरोप में अंकित उर्फ मोनू पुत्र मुखराम यादव निवासी ग्राम खेड़ा श्यामपुरा, बानसूर हाल निवासी ढ ाणी खागाली, नई सडक बानसूर को बानसूर ईलाके से ही दस्तयाब करते हुए आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है।

अलाव की व्यवस्था कराने की मांग

सांभरझील, (निसं)। पब्लिक राइट एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाललाल नोगिया ने शीत लहर से बचाव के लिए स्थानीय प्रशासन से जगह पर अलाव की व्यवस्था करवाने की मांग की है। इसके लिए उनकी ओर से उपखंड अधिकारी जयंत चौधरी को इस आशय का एक पत्र सौंपा गया है। प्रशासन से मांग की गई है कि नगरपालिका की तरफ से नया बस स्टैंड, पांच बत्ती चौराहा, तेली दरवाजा, धानमंडी, छोटा बाजार, रेलवे स्टेशन के आसपास जितने भी चौराहे हैं वहां पर अलाव की व्यवस्था की जाए जिससे बेसहारा लोगों व लावारिस जानवरों को ठंड के प्रकोप से बचाया जा सके। अल सुबह काम पर आने जाने वाले आम आदमी को भी इस से राहत मिलेगी।

बीपीसीएल डिपो में फायर मॉक ड्रिल कर सुरक्षा को जांचा

बोराज, (निसं)। कस्बे के भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के जोबनेर संस्थापन में आपदा नियंत्रण प्रबंधक योजना के तहत फायर मॉक ड्रिल का प्रदर्शन किया गया। फायर मॉक ड्रिल के दौरान प्रोडक्ट पाइप लाइन के गैसकिट रेपचर में लीकेज और बाद में आग लगने के कारण हुई दुर्घटना को विभिन्न अग्निशामक यंत्रों के उपयोग से आग बुझाने का अभ्यास किया गया।

इस मॉक ड्रील में विभिन्न अग्निशामक यंत्रों का कुशलतापूर्वक प्रयोग करते हुए आग पर काबू पाया

- **विभिन्न अग्निशामक यंत्रों का कुशलतापूर्वक प्रयोग कर आग पर काबू पाया**

गया। उपरोक्त अभ्यास में बीपीसीएल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दर्शाया कि यदि कभी वास्तविक रूप में ऐसी दुर्घटना घटती है तो हम अपने उच्च संसाधनों में निपुणता का प्रयोग करते हुए किसी आपदा पर नियंत्रण करने की क्षमता रखते हैं। सूचना मिलने पर पुलिस उप अधीक्षक जुल्फीकार खान एसएचओ दूदू जयप्रकाश, एचपीसीएल बगरू से अमित कुमार गंगवार, आइओसीएल चाकसू से फतेह कुमार सोलंकी, एलपीजी प्लांट जयपुर से तेजस्वी सिंह राठौड अपने विभाग के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे। इस दौरान सभी अधिकारियों ने अपने अपने सुझाव दिए एवं मार्गदर्शन किया। मुख्य प्रबंधक गुरिंदर दुआ ने सभी आगंतुकों को धन्यवाद किया और संस्थापन के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षा कर्मियों को निपुणता पूर्वक कार्य के लिए बधाई दी तथा निरंतर प्रयास व अभ्यास की आवश्यकता पर बल दिया।

आपदा नियंत्रण प्रबंधक योजना के तहत फायर मॉक ड्रिल का प्रदर्शन किया गया।

25वीं पदयात्रा में उमड़े श्रद्धालु

निवाई, (निसं)। पीपलू में स्थित श्रीचारभुजानाथ मंदिर से भैरवनाथ बाबा के दर्शनों के लिए धूमधाम से 25वीं बार पैदलयात्रा रवाना हुई। पदयात्री शिवराज विजयवर्गीय ने बताया कि श्रीजी मंदिर में पूजा अर्चना एवं दर्शन कर झांकी के साथ पैदलयात्रा रवाना हुई। पैदलयात्री हाथों में धर्म ध्वजा, नारियल, अगरबत्ती, प्रसाद, लड्डू, बाटी-बाकला लेकर भैरव बाबा के दर्शनों के लिए रवाना हुए।

यात्रा में डीजे पर चल रहे भजन रींगस का भैरूंजी थारो देवरो, बनी का भैरवनाथ, थारी महिमा है अपार, भैंरू मतवाला, भैरूजी नाना रे नाना थारे बाजे रे घुघरा सहित कई भैरव देव के भजनों पर बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं- पुरुष एवं युवकों ने उत्साह के साथ जमकर नृत्य किया। करीब तीन घंटे में नाचते-गाते, जयकारें लगाते हुए 3 किमी पैदल चलकर भैरव बाबा के दरबार में पहुंचे।

जहां श्रद्धालुओं ने महाआरती करके कतारबद्ध होकर बाबा की फूलों से श्रृंगारित झांकी के दर्शन कर मन्नोतियां मांगी साथ ही निशान ध्वज चढ ाए। इस दौरान भैरवनाथ सेवा समिति की ओर से पौषबडा महोत्सव का आयोजन भी हुआ। समिति अध्यक्ष राजाराम चौधरी ने बताया कि पुजारी हरिओम पाराशर ने प्रसादी का भोग लगाकर श्रद्धालुओं को वितरित की। इस दौरान राधेश्याम पाराशर, राजेश गौड, महेन्द्रसिंह, सौरभ, रवि, दिनकर विजयवर्गीय, सौरभ शर्मा, जगदीश आचार्य आदि शामिल हैं।

शिविर में 253 रोगियों की जांच

खैरथल, (निसं)। स्थानीय अग्रवाल समाज की ओर से सामाजिक सरोकार के तहत नववर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को लगाए गए मेगा निशुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर में 253 रोगियों को जांच, उपचार व दवाएं दी गई तथा 6 रोगियों का आपरेशन होगा।

संस्था के सचिव प्रमोद सिंघानिया ने बताया कि अग्रवाल भवन मातौर रोड पर सुबह 11 बजे से शुरू हुए शिविर में रोग विशेषज्ञ डाक्टरों डॉ दीपेंद्र शेखावत, डॉ संदीप तंवर, डॉ भगवान सिंह चौधरी, एव उनकी टीम द्वारा 253 रोगियों की निशुल्क जांच एवं परामर्श के साथ दवाईयां भी दी गई। जबकि 6 रोगियों को आपरेशन के लिए जयपुर भेजा गया। प्रारंभ में अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल के साथ समाज के लोगों व अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में मुख्य रूप से नाक कान गला, मूत्र रोग, हड्डी रोग, हर्निया, पाइल्स, अपेंडिक्स गुर्दे में पथरी आदि के साथ जनरल फिजिशियन डाक्टर दूरबीन व आधुनिक यंत्रों से जांच की गई।

इस अवसर पर समाज के संस्थान के दामोदर गोयल, महावीर गर्ग, ओमप्रकाश गोयल पाटन वाले, ओमप्रकाश अग्रवाल, चिंतामणि अग्रवाल, रमेशचंद गोयल, अशोक बंसल, सुरेश चंद कमानिया, दिनेश गर्ग, घनश्याम गोयल, पूर्णचंद गर्ग, कैलाश जी आदि शामिल रहे।

भक्तों ने भगवान की झांकी सजाकर पौष बड़ा का आनंद लिया

चाकसू, (निसं)। नववर्ष के उपलक्ष में उपखंड क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में रविवार को भक्तों ने भगवान की झांकी सजाकर भजन कीर्तन कर पौष बडा का आनंद लिया। उपखंड क्षेत्र के टोंक रोड स्थित शिवदासपुरा के प्राचीन लक्ष्मी जगदीश मन्दिर के प्रांगण में श्री श्याम सेवा संस्था के सानिध्य में श्याम भजन कीर्तन का किया गया।

आयोजन में हजारों की तादाद में श्याम प्रेमियों ने श्याम भजनामृत का आनंद लिया जहां श्याम के भजनों का

- **हजारों भक्तों ने पाई प्रसादी व लिया भजनामृत का आनंद**

जादू भक्तों को नाचने झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान शिवदासपुरा के व्यापारी मंडल द्वारा स्वेच्छा से अपने सभी दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। पुजारी रामशरण पंडा एवं ओमप्रकाश पंडा द्वारा लक्ष्मी जगदीश की बडी मनमोहक झांकी सजाई गई जो भक्तों के अंतर मन तक छू गयी।

भजन कीर्तन के बाद महापौष बडों का भगवान को भोग लगाया गया। इसके बाद हजारों की संख्या में भक्तों ने पौष बडों का पंगत प्रसादी का आनंद लिया। इस दौरान सरपंच उदयनारायण मीना सहित कई जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। वही कस्बे के नीलकंठ रोड स्थित श्री नीलकंठ हनुमान मंदिर हनुमान महाराज का विशेष श्रृंगार कर भजन कीर्तन के कार्यक्रम हुए। भगवान को भोग लगाकर षौष बडा पंगत प्रसादी का आयोजन किया गया। इसमें उपखंड क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने भागीदारी निभाई।

हजारों की संख्या में भक्तों ने पौष बड़ा पंगत प्रसादी पाई।

सट्टा लगाते एक गिरफ्तार

कोटपूतली, (निसं)। स्थानीय थाना पुलिस ने कस्बे के बानसूर रोड़ स्थित धर्म कांटा के पास कार्यवाही करते हुए सट्टा लगाते एक युवक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकरी के अनुसार अमन (20) पुत्र सुरेश चंद आर्य निवासी वार्ड नं. 29 मौहल्ला बडाबास बिना किसी लाईसेंस के सट्टा लगा रहा था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से 370 रूपये की नकदी, जुआ सामग्री, सट्टा पर्ची व एक डायरी में लगा सट्टे का हिसाब भी बरामद किया है।

नववर्ष पर चाय एवं बिस्किट वितरण किये

टोंक, (निसं)। आल इण्डिया पैगाम में इंसानियत फोरम शाखा टोंक की ओर से नववर्ष के प्रथम दिवस पर रविवार को केन्द्रीय बस स्टेण्ड टोंक पर चाय एवं बिस्कीट वितरण का कार्यक्रम आमजन हेतु आयोजित किया गया।

फोरम के जिला संयोजक मौलाना वसीम नदवी ने बताया कि इस अवसर पर पैगाम इंसानियत फोरम टोंक की ओर से बस स्टेण्ड से विभिन्न स्थानों पर आने जाने वाले यात्रिगणों एवं आमजन को नि:शुल्क चाय एवं बिस्किट का वितरण कर आमजन की सेवा की गई। इस अवसर पर मौलाना वसीम ने अपने विचार अभिव्यक्त करतें हुये कहा कि महात्मा गांधी के विचारों को दृष्टिगत रखते हुये संस्था आमजन की सहायतार्थ 2017 से कार्य कर रही है एवं इंसानियत की सेवा कर रही है। मौलाना वसीम नदवी ने कहा कि आज के युग में अपना भला तो हर कोई देखता है, पर जो दूसरों का भला भी देखता हुये चले वही सही मायनें में भला इंसान है। अपनीं यात्रा के दौरान कार्यक्रम में शामिल हुये जहाजपुर के पण्डितजी नें संस्था द्वारा आयोजित किये गये कार्यक्रम की तारीफ की एवं सभी को एकता एवं भाईचारे से रहनें का संदेश दिया। उन्होनें अपनें संदेश में कहा कि इंसान से इंसान का भाईचारा यही पैगाम है हमारा।

कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन रईस अहमद एडवोकेट द्वारा किया गया। इस अवसर पर नफीस अंसारी, अब्दुल रशीद भाई, मोहम्मद जावेद, शाकिर भाई, नासिर भाई एडवोकेट, अहमद एडवोकेट, सत्यनारायण जाट रा.रा.प.प.नि., मोहम्मद आदिल रा.रा.प.नि., शाहिद भाई नेशनल ई मित्र, अदनान, अताउल्लाह नदवी, शाहिद मिर्जा, वसीम आदि संस्था के वालेन्टियर्स मोजूद रहे।

आल इण्डिया पैगाम इंसानियत फोरम शाखा टोंक की ओर से नववर्ष के प्रथम दिवस चाय एवं बिस्किट वितरण कार्यक्रम हुआ।

सावित्री बाई की जयंती तीन को

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित सैनी सभा भवन में रविवार को सैनी विकास संगठन व महात्मा ज्योतिबा फुले जन जागृति विकास मंच के तत्वाधान में बैठक आयोजित हुई। जिसमें आगामी 3 जनवरी मंगलवार को सावित्री बाई फुले की जयंती बडे ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर पौषबडा कार्यक्रम का आयोजन भी किया जायेगा। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष बबलू बबेरवाल, मंच के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र सैनी, जगदीश प्रसाद सैनी, पूरणमल भगतजी, रामजीलाल सैनी, पूर्व पार्षद भीखाराम सैनी, पप्पूराम बायलान, रामस्वरूप, दौलतराम मुनीम, रामावतार मिस्त्री, लीलाराम, ओमप्रकाश व राधेश्याम सैनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

हेमू कालाणी जन्मशताब्दी जन जागरण यात्रा पहुंची किशनगढ़बास

किशनगढ बास, (निसं)। भारतीय सिंधु सभा राजस्थान की ओर से निकाली गई हेमू कालाणी जन्म शताब्दी वर्ष जन-जागरण रथ यात्रा रविवार को किशनगढ बास पहुंची। रथ यात्रा का संत कंवर राम हरि मंदिर में पूज्य सिंधी

- **सिंधी समाज ने किया भव्य स्वागत, सिंधु चिन्ह व ध्वज का वितरण**
- **मुख्य मार्गों से निकाली गई रथ यात्रा**

पंचायत सोसायटी के पदाधिकारियों व महिलाओं ने स्वागत किया। इसके पश्चात कस्बे के मुख्य बाजार, बस स्टैंड, अलवर रोड पर भी लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

यात्रा में आए रथ की खास बात यह थी उस पर सिन्धी समाज के 26 क्रांतिकारियों के फोटो भी प्रदर्शित किए गए। रविवार को दोपहर करीब 2 बजे यात्रा खैरथल रोड महावर भवन के बाहर पहुंची यहां सिंधी समाज के प्रतिनिधियों ने अगवानी की एवं हेमू कालानी अमर रहे के नारे लगाए।

स्वागत के दौरान किशनगढ बास सिंधी पंचायत के मुखी श्रीचंद भूटानी, बाबा बाबू लाल , परमानंद लखयाणी दौलत भारती, कमलेश पमनानी, दिलीप भगत, पार्षद ज्योति बत्रा, रूपचंद, प्रभु दयाल, मुरलीधर, जनेश भूटानी, डॉ भोजपुरी गोस्वामी, जतिन लालवानी, लक्ष्मण दास, गोकुलदास, धारी, राजेश कामदार, मनीष गनवानी, हीरू हरवानी, नरेश, सुरेश, लोकेश, राजा, बसंत, राजू अनिल कामदार, दीपक, सुनील, कन्हैया मनीष समाज गणमाय लोग मौजूद थे।

इस अवसर पर रैली में हेमू कालाणी का जीवन परिचय, फोल्डर, रंगीन स्टीकर टोपी, दुपट्टा महामंडलेश्वर हंसराम साहिब की प्रेरणा से सिंधु चिन्ह के रंगीन स्टिकर व ध्वज का वितरण किया गया रैली में एक झांकी हेमुकालाणी व भारत माता की भी साथ चल रही थी। यात्रा के साथ चल रहे सिंधू सभा के राष्ट्रीय मंत्री महेंद्र कुमार तीर्थनी ने बताया 31 मार्च 2023 को भोपाल में राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें राष्ट्रीय श्रम संघ के सरसंघचालक मोहनराव भागवत शिरकत करेंगे वही किशनगढ बास से गुजर रही यात्रा प्रदेश के 28 जिलों में 5000 किलोमीटर का सफर करेगी। राष्ट्रीय मंत्री महेंद्र कुमार तीर्थनी ने ने बताया कि युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ ाने के लिए प्रेरित किया प्रशासनिक परीक्षा की तैयारी के लिए भारतीय सिंधु सभा राजस्थान न्यास की ओर से जयपुर में सिंधू धाम बनाया जाएगा। यात्रा के साथ महेन्द्र कुमार तीर्थाणी राष्ट्रीय मंत्री भारतीय सिंधु सभा, ईश्वर मोरवाणी, प्रदेश महामंत्री, मूलचंद बसंताणी प्रदेश प्रचार प्रभारी,कमल राजवाणी उपाध्यक्ष जयपुर मौजूद रहे।

हेमू कालाणी जन्म शताब्दी जन जागरण यात्रा के दौरान सिंधु चिन्ह व ध्वज का वितरण किया।

सार-समाचार

अक्षय का आईईएस में 16वां स्थान

चौमूं, (निसं)। यूपीएससी की ओर से हाल ही में जारी इंजीनियरिंग सर्विस के परिणाम में मुरलीपुरा जयपुर निवासी अक्षय कुमार ने देशभर में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में 16वां स्थान प्राप्त करने पर चौमूं नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष अर्चना कुमावत ने अक्षय का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया व मुंह मीठा करवाया। अक्षय वर्तमान में बीएसएनएल में जेटीओ के रूप में महाराष्ट्र में कार्यरत है। अक्षय ने मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल से अपनी इंजीनियरिंग की पढ ाई पूरी की है। इनके पिता महेश चंद्र चेजारा राजस्थान सरकार के कृषि विभाग में उप निदेशक के पद पर कार्यरत हैं व भाई डॉ. अजय कुमावत राजस्थान सरकार के चिकित्सा विभाग में मेडिकल ऑफिसर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनकी मां राधा देवी व पत्नी नेहा कुमावत ग्रहणी है। इस मौके पर जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी में डिप्टी एचओडी के रूप में कार्यरत डॉ. जितेंद्र कुमावत, किड्स ईडन अकैडमी के डायरेक्टर तुलसी राम कुमावत, अंजू कुमावत व निक्की कुमावत सहित काफी लोग मौजूद थे।

ईमानदारी का परिचय दिया

श्रीमाधोपुर, (निसं)।कस्बे में किसी महिला का पर्स गिर गया जो राह चलते भीम आचार्य पुत्र लक्ष्मण आचार्य वार्ड नंबर 27 को सिनेमा हॉल वाली गली के चौराहे पर मिला। वहीं पति पत्नी पर्स को ढूंढ ते हुए निकल रहे थे कि राह चलते भीम आचार्य ने बताया कि किसी का पर्स गिर गया जिस पर लोग इकट्ठे हो गए। तभी उधर से पवन कुमार कुमावत वार्ड नंबर 12 मंगल कॉलोनी ने बताया कि मेरी पत्नी बाजार जा रही थी तभी पर्स कहीं गिर गया की सूचना दी। इसमें 1150/रु नगद व अन्य कागजात थे। जिनको भीम आचार्य ने कुमावत को लौटा कर ईमानदारी का परिचय दिया है।

दो जैन सन्तों का केशलोचन

निवाई, (निसं)। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में रविवार को सन्त निवास नसियां जैन मंदिर में राष्ट्रीय सन्त आचार्य वर्धमान सागर महाराज एवं जैन मुनि चिन्मय सागर महाराज का केंशलोचन समारोह आयोजित किया गया। इसमें राष्ट्र गौरव सहित दो जैन सन्तों का केंशलोचन किया गया। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला व पवन बोहरा ने बताया कि रविवार को सन्त निवास पर जैन समाज के श्रद्धालुओं के बीच जैन संतो ने अपने हाथों से सिर एवं दाडी मूछे के बालों को उखाडकर फेंक दिया गया जो एक संयम एवं वैराग्य का प्रतीक है। केंशलोचन समारोह में श्रद्धालुओं ने णमोकार महामंत्र पूजा अर्चना एवं महावीर चालीसा का पठन किया। आचार्य वर्धमान सागर महाराज ने संबोधित करते हुए कहा कि दिगम्बर साधु वही बन सकता है जो निर्ममत्व भाव को जगाता है। जो अंतरंग और बहिरंग दोनों प्रकार के परिग्रह से रहित होता है वह ही नगनत्व को धारण करने में समर्थ होता है। उन्होंने कहा कि ज्ञान ध्यान की साधना में रत रहते हुए अपने अठ्ठाइस मूलगुणों का पालन करते हैं जिसमें से केंशलोचन भी एक है केंशलोचन का तात्पर्य है अपने हाथों से अपने सिर दाढी व मुंछ के बालों को उखाडकर फेंक देना वैराग्य व शरीर के प्रति निर्ममता का अनूठा उदाहरण है।

पोषबड़ा महोत्सव का आयोजन

निवाई, (निसं)। शहर में घाटी वालों के मोहल्ले में स्थित श्री घास भैरूजी महाराज के मंदिर में रविवार को श्री घास भैरूजी नवयुवक मंडल एवं मोहल्लावासियों द्वारा विशाल पोषबडा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पडा। समिति के सदस्य लोकेश बैरवा ने बताया कि घास भैरूजी की कृपा से विशाल पोषबडा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी व अध्यक्षता कर रहे राकेश जैन व पार्षद नितिन छाबडा द्वारा भैरूजी महाराज के पोष बडों का भोग लगाकर किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कहा कि पोषबडा महोत्सव सहित कई धार्मिक अनुष्ठानों से आपस में भाईचारा बढ ता है। पोषबडा महोत्सव को लेकर घास भैरूजी महाराज के चौला चढ ाकर आकर्षक झांकी सजाई गई। इस दौरान अनेक धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन करके भैरूजी के पोषबडा का भोग लगाकर महाआरती कर प्रसादी वितरित की गई। इस अवसर पर एससी मोर्चा अध्यक्ष लोकेश बैरवा, कमलेश बैरवा, हेमराज, मनीष, रामबाबू, धर्मराज, कमलेश व कमल सहित समस्त वार्ड वासी मौजूद थे।

दौसा सांसद से शिष्टाचार भेंट

चाकसू, (निसं)। श्री राजपूत सभा जयपुर के अध्यक्ष रामसिंह चंदलाई के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल लोकसभा क्षेत्र दौसा सांसद जसकौर मीणा से शिष्टाचार भेंट की एवं महाराणा प्रताप का स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान सामाजिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर विशेष चर्चा की गई। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष हेम सिंह राठौड, चंदलाई सरपंच अनिरुद्ध सिंह, अर्जुन सिंह हिंगोनिया एडवोकेट राजस्थान भाजपा विधि प्रकोष्ठ जयपुर जिला दक्षिण संयोजक मौजूद रहे।

नववर्ष की दी शुभकामनाएं

फुलेरा, (निसं)। फुलेरा कस्बे में नववर्ष पर जगह-जगह अनेक कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम से मनाया गया। वहीं 31 दिसंबर 2022 की रात्रि 12 बजे वर्ष 2022 को विदा करते हुए सब ने पटाखे चलाकर नववर्ष 2023 का अभिनंदन किया। एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही अपने-अपने सामर्थ्य के अनुसार नये साल का अभिनंदन किया। जिसके अंतर्गत किसी ने होटल, चर्च, तो किसी ने अपने कॉलोनियों में एकत्रित होकर केक काटकर नववर्ष का जश्न मनाया, साथ ही एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। नई उर्जा नये जोश के साथ संकल्प लेकर नव वर्ष का स्वागत किया।

अंजलि यादव का स्वागत किया

बहरोड/मुंडावर, (निसं)। अलवर जिले की मुंडावर विधानसभा क्षेत्र के शाहजहांपुर कस्बे के नजदीकी ग्राम दाधिया में आयोजित 21वीं बाबा जोहड वाला क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची महिला नेत्री डॉक्टर अंजली यादव का क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने डीजे सहित बाइक रैली निकालकर महिला नेत्री का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यक्रम संयोजक सुरेंद्र फौजी तथा कार्यक्रम अध्यक्ष समाजसेवी मास्टर गिर्राज एवं विशिष्ट अतिथि यादव समाज मुंडावर उपाध्यक्ष जगदीश मास्टर, जिला पार्षद संदीप फौलादपुरिया, सरपंच मेहर चंद शर्मा गादुवास, प्रिंसिपल रामफल का प्रधानाचार्य गादूवास, मुकेश दाधिया, महेंद्र पाल ट्रांसपोर्टर, पीएनबी मैनेजर चंद्रभान, प्रधानाचार्य सुधीर एवं सरपंच अजीत यादव यादव समाज अध्यक्ष मुंडावर एवं कमेटी के समस्त लोगों का आभार प्रकट किया। वहीं क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रथम विजेता को 21000 रुपए का इनाम प्राणपुरा की टीम को तथा द्वितीय पुरस्कार 11000 रुपए रनर अप मिर्जापुर की टीम को देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुंडावर विधानसभा क्षेत्र के गणमान्य लोगों सहित क्षेत्र के समाजसेवी, जनप्रतिनिधि तथा ग्रामवासी एवं क्रिकेट कमेटी सहित क्रिकेट टीमों के खिलाडी उपस्थित रहे।